सत्यमेव जयते

**राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड**
**प्रेस विज्ञप्ति–1**

**राजभवन नैनीताल 02 जून, 2024**

रविवार को राजभवन नैनीताल में तेलंगाना प्रदेश का राज्य स्थापना दिवस मनाया गया। राजभवन में आयोजित इस कार्यक्रम में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर में पढ़ रहे तेलंगाना के छात्रों के साथ इस कार्यक्रम में प्रतिभाग किया और उनसे संवाद किया। उन्होंने सभी तेलंगाना वासियों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर छात्रों ने उत्तराखण्ड में अपने–अपने प्राप्त अनुभव साझा किए।

राज्यपाल ने कहा कि वनों और वन्य जीव से सम्पन्न तेलंगाना एक समृद्ध सांस्कृतिक विरासत संजोए हुए है। राज्य की खूबसूरती और सांस्कृतिक धरोहर इसे एक विशिष्ट पहचान दिलाते हैं और पर्यटकों के लिए एक आकर्षक स्थल बनाते हैं। कृषि, तकनीकी और साइबर के क्षेत्र में तेलंगाना द्वारा हासिल की गई प्रगति पूरे देश के लिए आदर्श है। इस दौरान राज्यपाल ने अपने सैन्य सेवा के दौरान तेलंगाना में दी गई सेवाओं के अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि उन्हें व्यक्तिगत रूप से तेलंगाना बेहद प्रिय है और उन्होंने 03 वर्षों तक वहां सेवाएं दी हैं।

राज्यपाल ने कहा कि राज्यों के स्थापना दिवस मनाने से हमें विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक विरासत को समझने और आदान–प्रदान करने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा, विविधता में एकता हमारे देश का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। उन्होंने कहा कि ‘‘एक भारत, श्रेष्ठ भारत’’ के माध्यम से विभिन्न राज्यों के बीच आपसी एवं सांस्कृतिक मेलजोल होता है जो की अत्यंत महत्वपूर्ण है, और एक समृद्ध एवं अद्वितीय राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

............0............